प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 08.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्र सरकार ने जनगणना– 2027 के पहले चरण की अधिसूचना जारी की, 1 अप्रैल से 30 सितंबर के बीच सभी राज्यों में घर–घर जाकर जनगणना का किया जाएगा काम।
- नगर निकाय चुनाव की तैयारियां तेज, राज्य निर्वाचन आयुक्त आज सभी जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के साथ वर्चुअल माध्यम से करेंगी अहम बैठक।
- दावोस में विश्व आर्थिक मंच की बैठक को लेकर झारखंड समेत देश के छह राज्यों की इंडिया पवेलियन में होगी सहभागिता, वैश्विक निवेशकों से सीधा संवाद करेगी राज्य सरकार।
- केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ आज वीर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह के बलिदान दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल, कई विकास योजनाओं की भी रखेंगे आधारशिला।
- झारखंड की अंडर – 14 और अंडर–17 बालिका टीम ने राष्ट्रीय स्कूली हॉकी प्रतियोगिता में स्वर्ण जीतकर रचा इतिहास, मुख्यमंत्री ने टीम के सभी खिलाड़ियों को दी बधाई।

********************

केंद्र सरकार ने भारत की जनगणना 2027 के पहले चरण की अधिसूचना जारी कर दी है। इस वर्ष 1 अप्रैल से 30 सितंबर के बीच सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में घर–घर जाकर जनगणना का काम किया जाएगा। प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश द्वारा निर्धारित 30 दिनों की अवधि के दौरान जनगणना का काम निष्पादित किया जाएगा। गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में घर–घर जनगणना शुरू होने से 15 दिन पहले तक स्व–गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। और अधिक जानकारी हमारे संवाददाता से।

नगर निकाय चुनाव

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकाय चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। इस सिलसिले में राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी आज सभी जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक करेंगी। इस दौरान जिलों में निकाय चुनाव को लेकर सुरक्षा समेत अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेंगी। राज्य में लगभग साढ़े तीन वर्षों से निकाय चुनाव लंबित है।

वार्षिक बैठक

दावोस में 19 से 23 जनवरी तक आयोजित होने वाले विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में झारखंड समेत छह राज्यों को इंडिया पवेलियन के लिए केंद्र सरकार ने चुना है। इस वैश्विक मंच के माध्यम से राज्य सरकार झारखंड में संभावनाओं और क्षमताओं को लेकर दुनिया भर के उद्योगपतियों और निवेशकों के साथ सीधा संवाद करेगी। विश्व आर्थिक मंच में शामिल होने वाले झारखंड के 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे।

पेसा नियमावली

कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा पेसा नियमावली लागू करना अच्छी पहल है। लेकिन, इसमें अभी भी कई विसंगतियां है, जिसे दूर किया जाना चाहिए। इसे लेकर अगर कोई अदालत जाएगा तो वे उसका साथ देंगे।

सीबीआई–जांच

साहिबगंज के नींबू पहाड़ में अवैध खनन मामले की सीबीआई ने जांच तेज कर दी है। इस सिलसिले में सीबीआई के दल ने जिला खनन कार्यालय में दस्तावेजों की गहनता से जांच पड़ताल की। इसके बाद वे खनन अधिकारियों को लेकर उस जहाज पर गए, जिसके जरिए पत्थर का अवैध व्यापार हो रहा था। सीबीआई की टीम अगले तीन–चार दिनों तक यहां अवैध खनन स्थलों और क्रशर साइट्स का निरीक्षण करने के साथ जिला खनन पदाधिकारियो से फिर पूछताछ कर सकती है।

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

बलिदान दिवस कार्यक्रम

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ आज वीर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह के बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम रांची के ओरमांझी स्थित चुटूपाल घाटी में आयोजित होगा। इसके बाद वे दक्षिण सुकरहट्टू और बारोदी–धोरघोड़ा में शेड तथा मरवा–पिठौरिया में पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास करेंगे।

अवैध शराब फैक्ट्री–खुलासा

हजारीबाग जिले के कटकमसांडी थाना क्षेत्र के आरा भुसाई गांव में उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध शराब फैक्ट्री का खुलासा किया है। सहायक उत्पाद कर आयुक्त शिवकुमार साहू ने बताया कि छापेमारी में 53 पेटी नकली शराब बरामद की गई है।

हत्या

खूंटी थाना क्षेत्र के जमुआदाग के समीप अज्ञात अपराधियों ने पड़हा राजा सोमा मुंडा की गोली मारकर हत्या कर दी । अपराधियों ने इस घटना को उस वक्त अंजाम दिया, जब वे अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इधर, पुलिस की स्पेशल टीम अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। दूसरी तरफ, इस हत्याकांड के विरोध में लोगों ने आज शांतिपूर्ण खूंटी बंद का ऐलान किया है।

गिरफ्तार

कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र से पुलिस ने चार मादक पदार्थ तस्करों को पकड़ कर जेल भेज दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनिल सिंह ने बताया कि इस गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

मौसम

राज्य में लगातार कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग ने बताया कि पिछले 24 घंटे के दौरान रांची के मैक्लुस्कीगंज का तापमान शून्य से नीचे रिकॉर्ड किया गया। वहीं कांके में न्यूनतम तापमान दो दशमलव एक डिग्री रहा। आज भी हजारीबाग सहित छह जिलों में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य में पछुआ हवा चलने की वजह से कनकनी से बढ़ी हुई है।

राष्ट्रीय स्कूली हॉकी प्रतियोगिता

झारखंड की अंडर – 14 और अंडर–17 बालिका टीम ने 69वीं राष्ट्रीय स्कूली हॉकी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर एक नया इतिहास रचा है। ग्वालियर में आयोजित इस प्रतियोगिता में झारखंड की अंडर– 14 बालिका टीम ने फाइनल में मध्य प्रदेश पर दो एक से शानदार जीत दर्ज की। वहीं, अंडर – 17 में झारखंड की बेटियों ने मध्य प्रदेश को तीन – दो से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने खिलाड़ियों को इस शानदार जीत के लिए बधाई दी है।

अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होने वाले सभी प्रमुख अखबारों ने नोआमुंडी में एक ही परिवार के सात लोगों की हाथी द्वारा रौंदे जाने की खबर को प्रमुखता से लिया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– दावोस में पहली बार झारखंड का जोहार गूंजेगा, सीएम होंगे शामिल।

प्रभात खबर ने लिखा है– झारखंड में म्यूटेशन की 26 हजार अपील लंबित, रांची में सर्वाधिक।

दैनिक जागरण ने राज्य की चौंतीस निजी फार्मेसी कॉलेजों की मान्यता रद्द करने की अनुशंसा से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– मैक्लुस्कीगंज में पारा शून्य से नीचे, जमी ओस की बूंदें।

**************